अग्रवाल महाविद्यालय में प्लेसमेंट अभियान

कला संकाय के विद्यार्थियों को भविष्य में करियर के प्रति सजग करने के लिए अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ से छात्रा संभाग में प्लेसमेंट अभियान के अन्तर्गत पॉलिसी बाज़ार से श्री सुशील कुमार गुप्ता और श्री अनूप निगम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा तत्पश्चात् नौकरी पाने के इच्छुक विद्यार्थियों के साथ दस–दस के समूह में ग्रुप डिस्कशन (सामूहिक वार्ता) किया। इसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

द्वितीय चरण साक्षात्कार के लिए 64 विद्यार्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार के उपरान्त 19 विद्यार्थियों का चयन हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की देख–रेख में यह अभियान सभी संकायों के अंतर्गत चल रहा है। प्राचार्य ने बताया कि छात्रों को रोज़गार के अवसरों का ज्ञान नहीं होता, जिसके अभाव में वे इधर–उधर भटकते हैं, अतः विद्यार्थियों के हित के लिए महाविद्यालय में यह आयोजन किया गया।